भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**लिखित प्रश्न सं. 3785**

जिसका उत्तर 23.03.2023 को दिया जाना है

**राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क के किनारे सुविधाएं**

3785. श्री चंद्र शेखर साहू:

श्री गिरीश भालचन्द्र बापट:

श्री राहुल रमेश शेवाले:

डॉ. प्रीतम गोपीनाथ राव मुंडे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर सड़क किनारे सुविधाएं विकसित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) विगत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान विभिन्न राज्यों, विशेष रूप से ओडिशा को सड़क के किनारे सुविधाओं हेतु आवंटित, स्वीकृत जारी और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या हैं;

(ग) विशेष रूप से ओडिशा और महाराष्ट्र में अब तक विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर सड़क किनारे विकसित सुविधाओं का ब्यौरा क्या है;

(घ) सड़क के किनारे की सुविधाओं के रूप में कितने विद्युत वाहन चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं;

(ङ) क्या सरकार का देश में विद्युत वाहनों को सड़क कर के भुगतान से पूर्णतः छूट देने और टोल प्लाजा पर भी रियायत देने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां। एनएचएआई ने सभी ब्राउनफील्ड राष्ट्रीय राजमार्गों और ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवेज पर 30-40 किमी की नियमित दूरी पर मार्गस्थ सुविधाएं विकसित करने की परिकल्पना की है। अब तक 156 मार्गस्थ सुविधाएं सौंप दी गई हैं।

(ख) मार्गस्थ सुविधाएं सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत विकसित की जा रही हैं। प्राधिकरण, मार्गस्थ सुविधाओं के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए निजी पार्टी/डेवलपर को पट्टे के आधार पर भूखंड प्रदान करता है।

एनएचएआई ने पूरे देश में विकास और संचालन के लिए 156 मार्गस्थ सुविधाएं सौंप दी हैं। इसके अलावा, एनएचएआई मार्गस्थ सुविधाओं के विकास के लिए ओडिशा में राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ भूखंड की पहचान करने की प्रक्रिया में है। वर्तमान में, ओडिशा राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के साथ कोई भूखंड नहीं सौंपा गया है।

(ग) एनएचएआई ने देश में 38 मार्गस्थ सुविधाओं को संचालित कर दिया है। (संचालित किए गए डब्ल्यूएसए साइटों की सूची **अनुबंध I** में दी गई है)।

महाराष्ट्र राज्य में 12 मार्गस्थ सुविधा साइट के विकास की योजना है। (महाराष्ट्र में डब्ल्यूएसए साइटों की सूची **अनुबंध-II** में दी गई है)

(घ) मंत्रालय ने नीतिगत परिपत्र संख्या आरडब्ल्यू/एनएच-33044/14/2003-एसएंडआर(आर)-पीटी, दिनांक 11 फरवरी, 2021 जारी की है, जिसमें सभी मार्गस्थ सुविधाओं वाली साइटों पर ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन के प्रावधान को एक अनिवार्य सुविधा के रूप में रेखांकित किया गया है।

वर्तमान में, राष्ट्रीय राजमार्गों पर 38 डब्ल्यूएसए सुविधाएं संचालित हो रही हैं। संचालित डब्ल्यूएसए सुविधाओं का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।

(ङ) और (च) इलेक्ट्रिक वाहनों को सड़क कर के भुगतान से छूट देना राज्य सरकार का विषय है, हालांकि सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा 17.07.2019 को जारी परामर्शी के अनुसार कई राज्यों ने ईवी पर सड़क कर से छूट दे दी है और जिन राज्यों ने ईवी पर सड़क कर से छूट नहीं दी है, उनसे भी अनुरोध किया गया है कि वे उक्त परामर्शी के अनुसार अधिकतम संभव सीमा तक सड़क कर से छूट देने पर विचार करें।

जहां तक टोल प्लाजा का संबंध है, राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों का निर्धारण और संग्रहण) नियम, 2008, इसके बाद के संशोधनों और संबंधित रियायत समझौते के प्रावधानों के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्गों पर प्रयोक्ता शुल्क लगाया और संग्रहित किया जा रहा है। वर्तमान में, लागू शुल्क नियमों के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहनों को ऐसी छूट देने का ऐसा कोई प्रावधान नहीं है।

**अनुबंध - I**

**'राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क के किनारे सुविधाओं' के संबंध में श्री चंद्र शेखर साहू, श्री गिरीश भालचंद्र बापट, श्री राहुल रमेश शेवाले और डॉ. प्रीतम गोपीनाथराव मुंडे द्वारा पूछे गए दिनांक 23.03.2023 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3785 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**संचालित डब्ल्यूएसए साइटों की सूची**

| क्र.सं. | राज्य | एनएच संख्या | साइट का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी2-3एल_पैकेज3_63+140 एलएचएस |
| 2 | हरियाणा | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी2-4आर_पैकेज3_69+900 आरएचएस |
| 3 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी3-46आर_पैकेज4_99+600 आरएचएस |
| 4 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी3-46एल_पैकेज4_99+600 एलएचएस |
| 5 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी3-5आर_पैकेज5_125+600 आरएचएस |
| 6 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी3-5एल_पैकेज5_125+600 एलएचएस |
| 7 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके1-1एल_पैकेज1_21+100 एलएचएस |
| 8 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके1-2आर_पैकेज1_21+100 आरएचएस |
| 9 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके1-3एल_पैकेज2_50+650 एलएचएस |
| 10 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके1-4आर_पैकेज2_50+650 आरएचएस |
| 11 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके2-5एल_पैकेज4_93+530 एलएचएस |
| 12 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके2-6आर_पैकेज4_93+530 आरएचएस |
| 13 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके2-7एल_पैकेज5_120+400 एलएचएस |
| 14 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके2-8आर_पैकेज5_120+400 आरएचएस |
| 15 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके3-9एल_पैकेज6_152+500 एलएचएस |
| 16 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके3-10आर_पैकेज6_152+500 आरएचएस |
| 17 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके3-11एल_पैकेज7_191+600 एलएचएस |

| क्र.सं. | राज्य | एनएच संख्या | साइट का विवरण |
|---|---|---|---|
| 18 | हरियाणा | ट्रांस-हरियाणा कॉरिडोर | एके3-12आर_पैकेज7_191+600 आरएचएस |
| 19 | उत्तर प्रदेश | 27 | झांसी- उरई /एनएच-27/123/आरएचएस/यूपी पश्चिम |
| 20 | उत्तर प्रदेश | 19 | कुरगाँव , इलाहाबाद बाईपास एनएच2 |
| 21 | आंध्र प्रदेश | 16 | गोवरवरम /एपी |
| 22 | आंध्र प्रदेश | 716 | वल्लूर /एपी |
| 23 | आंध्र प्रदेश | 135 | अनंतपुरा - बैंगलोर सेक्शन/एनएच7/387+388/एलएचएस/ अनंतपुर जिला/आंध्र प्रदेश |
| 24 | कर्नाटक | 40 | एनएच04_46.700+46.900_एलएचएस_येडेहल्ली_कर्नाटक |
| 25 | तमिलनाडु | 135 | एनएच 7/61+130/एलएचएस/ चिन्नार / कृष्णागिरी /तमिलनाडु |
| 26 | पश्चिम बंगाल | 19 | गोविंदपुर |
| 27 | पश्चिम बंगाल | 19 | बडबड |
| 28 | गुजरात | 27 | एनई-1/23 किमी से 24 किमी/आरएचएस/ मकवा /अहमदाबाद/गुजरात |
| 29 | गुजरात | 27 | एनई-1/78 किमी से 79 किमी/एलएचएस/ पोइचा /वडोदरा/गुजरात |
| 30 | मध्य प्रदेश | 60 | इंदौर- खलाघाट /एनएच-3/63+300/आरएचएस/ धार जिला/एमपी |
| 31 | मध्य प्रदेश | 27 | बारां - शिवपुरी -झांसी/एनएच-27/1227+200/एलएचएस/ग्वालियर/एमपी |
| 32 | मध्य प्रदेश | 27 | बारां - शिवपुरी -झांसी/1194+300/आरएचएस/ग्वालियर/एमपी |
| 33 | मध्य प्रदेश | 46 | शिवपुरी-गुना |
| 34 | मध्य प्रदेश | 319 | एनएच-30_358+100_आरएचएस_मदनपुरा_एमपी |
| 35 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी4-6एल_पैकेज6_172+550 एलएचएस |
| 36 | राजस्थान | दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे | डीडी4-6आर_पैकेज6_172+550 आरएचएस |
| 37 | राजस्थान | 48 | एनएच-48/20.057+20.357 /आरएचएस/जयपुर/राजस्थान/ श्रीगोविंदपुरा |
| 38 | राजस्थान | 48 | एनएच-48/20+432 से 20+732 /एलएचएस/जयपुर बाइपास/राजस्थान/ बिलौची |

**अनुबंध - ।।**

**'राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क के किनारे सुविधाओं' के संबंध में श्री चंद्र शेखर साहू, श्री गिरीश भालचंद्र बापट, श्री राहुल रमेश शेवाले और डॉ. प्रीतम गोपीनाथराव मुंडे द्वारा पूछे गए दिनांक 23.03.2023 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3785 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**महाराष्ट्र में डब्ल्यूएसए साइटों की सूची**

| क्र.सं. | एनएच संख्या | साइट का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | 44 | नागपुर - पंढरकवाड़ा /एनएच-44/19+600/आरएचएस/नागपुर/महाराष्ट्र |
| 2 | 44 | नागपुर-जबलपुर /एनएच-44/703+600/एलएचएस-आरएचएस/नागपुर/महाराष्ट्र |
| 3 | 60 | पुणे - धुले /एनएच-60/156.88 to 156.93/एलएचएस/ संगमनेर /एमएच |
| 4 | 60 | पुणे - धुले /एनएच-60/75.382 से 75.558/आरएचएस/ नारायणगांव /एमएच |
| 5 | 361 | एनएच-361/43+250 से 43+450/ औसाजिला / लातूर /महाराष्ट्र |
| 6 | 40 | पुणे- सतारा सेक्शन/एनएच-4/741+600/आरएचएस/ सतारा जिला- वारये /एमएच |
| 7 | इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेसवे | अकोला - मेडशी /43+400/एलएचएस/एमएच |
| 8 | इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेसवे | अकोला - मेडशी /40+415/आरएचएस/एमएच |
| 9 | इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेसवे | मेदशी-वाशिम /89+900/एलएचएस/एमएच |
| 10 | इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेसवे | वाशिम-पंगारे /92+695/आरएचएस/एमएच |
| 11 | इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेसवे | पंगारे-वारंगाफाटा /156+42/बाएं/महाराष्ट्र |
| 12 | इंदौर-हैदराबाद एक्सप्रेसवे | पंगारे-वारंगाफाटा /157+900/आरएचएस/एमएच |

**अनुबंध - III**

**'राष्ट्रीय राजमार्गों पर सड़क के किनारे सुविधाओं' के संबंध में श्री चंद्र शेखर साहू, श्री गिरीश भालचंद्र बापट, श्री राहुल रमेश शेवाले और डॉ. प्रीतम गोपीनाथराव मुंडे द्वारा पूछे गए दिनांक 23.03.2023 के लोक सभा लिखित प्रश्न संख्या 3785 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**38 डब्ल्यूएसए साइटों की सूची, जिनमें से 11 साइटें ई-वाहन चार्जिंग स्टेशनों से सुसज्जित हैं**

| # | क्षेत्र | राज्य | एनएच संख्या | साइट का विवरण | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|
| **क. डब्ल्यूएसए साइटों की सूची, जहां ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन का प्रावधान है।** | | | | | |
| 1 | उत्तर | उत्तर प्रदेश | 19 | कुरगाँव , इलाहाबाद बाईपास एनएच2 | |
| 2 | दक्षिण | आंध्र प्रदेश | 16 | गोवरवरम /एपी | |
| 3 | दक्षिण | आंध्र प्रदेश | 716 | वल्लूर /एपी | |
| 4 | दक्षिण | कर्नाटक | 40 | एनएच04_46.700+46.900_एलएचएस_येडेहल्ली_कर्नाटक | |
| 5 | दक्षिण | तमिलनाडु | 135 | एनएच 7/61+130/एलएचएस/ चिन्नार / कृष्णागिरी /तमिलनाडु | |
| 6 | पश्चिम | राजस्थान | 48 | एनएच-48/20.057+20.357 /आरएचएस/जयपुर/राजस्थान/ श्रीगोविंदपुरा | |
| 7 | पश्चिम | राजस्थान | 48 | एनएच-48/20+432 से 20+732 /एलएचएस/जयपुर बाइपास/राजस्थान/ बिलौची | |
| 8 | उत्तर | हरियाणा | 148एन (डीएमई) | डीडी2-3एल_पैकेज3_63+140 एलएचएस | |
| 9 | उत्तर | हरियाणा | 148एन (डीएमई) | डीडी2-4आर_पैकेज3_69+900 आरएचएस | |
| 10 | पश्चिम | राजस्थान | एनएच 919-डीएमई | डीडी4-6एल_पैकेज6_172+550 एलएचएस | |
| 11 | पश्चिम | राजस्थान | एनएच 919-डीएमई | डीडी4-6आर_पैकेज6_172+550 आरएचएस | |
| **ख. डब्ल्यूएसए साइटों की सूची, जहां ई-वाहन चार्जिंग स्टेशन का प्रावधान प्रक्रियाधीन है।** | | | | | |
| 12 | पूर्व | पश्चिम बंगाल | 19 | गोविंदपुर | |
| 13 | पूर्व | पश्चिम बंगाल | 19 | बडबड | |
| 14 | पश्चिम | गुजरात | 27 | एनई-1/23 किमी से 24 किमी/आरएचएस/ मकवा /अहमदाबाद/गुजरात | |
| 15 | पश्चिम | गुजरात | 27 | एनई-1/78 किमी से 79 किमी/एलएचएस/ पोइचा /वडोदरा/गुजरात | |

| # | क्षेत्र | राज्य | एनएच संख्या | साइट का विवरण | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 16 | पश्चिम | मध्य प्रदेश | 46 | शिवपुरी-गुना | |
| 17 | उत्तर | उत्तर प्रदेश | 27 | झांसी- उरई /एनएच-27/123/आरएचएस/यूपी पश्चिम | |
| 18 | दक्षिण | आंध्र प्रदेश | 135 | अनंतपुरा - बैंगलोर सेक्शन/एनएच7/387+388/एलएचएस/ अनंतपुर जिला/आंध्र प्रदेश | |
| 19 | पश्चिम | मध्य प्रदेश | 60 | इंदौर- खलाघाट /एनएच-3/63+300/आरएचएस/ धार जिला/एमपी | |
| 20 | पश्चिम | मध्य प्रदेश | 27 | बारां - शिवपुरी -झांसी/एनएच-27/1227+200/एलएचएस/ग्वालियर/एमपी | |
| 21 | पश्चिम | मध्य प्रदेश | 27 | बारां - शिवपुरी -झांसी/1194+300/आरएचएस/ग्वालियर/एमपी | |
| 22 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके1-1एल_पैकेज1_21+100 एलएचएस | |
| 23 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके1-2आर_पैकेज1_21+100 आरएचएस | |
| 24 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके1-3एल_पैकेज2_50+650 एलएचएस | |
| 25 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके1-4आर_पैकेज2_50+650 आरएचएस | |
| 26 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके2-5एल_पैकेज4_93+530 एलएचएस | |
| 27 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके2-6आर_पैकेज4_93+530 आरएचएस | |
| 28 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके2-7एल_पैकेज5_120+400 एलएचएस | |
| 29 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके2-8आर_पैकेज5_120+400 आरएचएस | |
| 30 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके3-9एल_पैकेज6_152+500 एलएचएस | |
| 31 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके3-10आर_पैकेज6_152+500 आरएचएस | |

| # | क्षेत्र | राज्य | एनएच संख्या | साइट का विवरण | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|---|---|
| 32 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके3-11एल_पैकेज7_191+600 एलएचएस | |
| 33 | उत्तर | हरियाणा | 152डी (ट्रांस-हरियाणा) | एके3-12आर_पैकेज7_191+600 आरएचएस | |
| 34 | पश्चिम | मध्य प्रदेश | 319 | एनएच-30_358+100_आरएचएस_मदनपुरा_एमपी | |
| 35 | पश्चिम | राजस्थान | 148एन (डीएमई) | डीडी3-46आर_पैकेज4_99+600 आरएचएस | |
| 36 | पश्चिम | राजस्थान | 148एन (डीएमई) | डीडी3-46एल_पैकेज4_99+600 एलएचएस | |
| 37 | पश्चिम | राजस्थान | 148एन (डीएमई) | डीडी3-5आर_पैकेज5_125+600 आरएचएस | |
| 38 | पश्चिम | राजस्थान | 148एन (डीएमई) | डीडी3-5एल_पैकेज5_125+600 एलएचएस | |

*****